**CLASS-IV**

# कविता-कौन?

**शब्दार्थ:-**

1. कुतरे- काटे
2. स्याई- दवात (ink)
3. दुबककर- छिपकर
4. तसवीर- चित्र
5. दोना- पत्ते से बनी कटोरी जैसी
6. खलीता- कागज़ से बनी थैली
7. पोथी- पुस्तक
8. छन्ने- एक छोटा कपड़ा
9. पन्ने- पृष्ट (page)
10. रद्दी- बेकार की चीजें
11. धाता- दौड़ता
12. चट कर गया- खा गया
13. गड़बड़-गलत
14. शरारत- शैतानी

# कौन ? कविता का सारांश (summary)

कवि बच्चों से पूछता है कि वह कौन-सा शरारती जीव है जो हमारा इतना ज्यादा नुकसान करता रहता है? कवि पूछता है कि किसने हमारे बटन कुतर दिया, किसने स्याही को बिखरा दिया, किसने पूरे घर में अनाज फैला दिया। कौन दोने में से मिठाई उठा ले गया, किसकी वजह से तस्वीर के दो टुकड़े हो गए। वह जीव इतना शरारती है कि कभी चप्पल कुतर देता है तो कभी जूता, कभी किताबों के जिल्द काट डालता है तो कभी कागज कुतर देता है। वह शरारती जीव रातभर जागता रहता है और कुछ-कुछ आवाज करके हमें भी सोने नहीं देता। कवि स्वयं उस जीव का नाम नहीं बताता है बल्कि बच्चों से उसका नाम पूछता है।